**वेबसाइटः** www.bankofbaroda.in

**ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

**स्थान**: मुंबई **दिनांक**:
28.12.2023

# प्रेस-विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने विभिन्न अवधि के लिए रिटेल सावधि जमा पर अपनी ब्याज दरों में 125 आधार अंकों तक की वृद्धि की

*छोटी अवधि की जमाओं पर अधिक ध्यान देकर, उच्च ब्याज दरों से जमाकर्ताओं को लाभ होगा, साथ ही, एनआईएम की बचत भी होगी।*

भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज एनआरओ मीयादी जमा सहित घरेलू रिटेल सावधि जमा पर ब्याज दरों में 10 आधार अंकों से 125 आधार अंकों तक की वृद्धि की घोषणा की, जो 29 दिसंबर, 2023 से प्रभावी होगी। ये दरें 2 करोड़ रुपये से कम की जमा राशि पर लागू होंगी।

दरों में वृद्धि काफी हद तक छोटी अवधि की परिपक्वता जमा श्रेणी, विशेष रूप से 1 वर्ष से कम अवधि की जमाओं पर केंद्रित है। छोटी अवधि की परिपक्वता अवधि में ब्याज दरों में वृद्धि से न केवल जमाकर्ताओं को बहुत लाभ होगा जो कम परिपक्वता के लिए जमा रखते हैं, बल्कि जमा की समग्र लागत को संतुलित और अनुकूलित करने और अपने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) की बचत के बैंक के उद्देश्य में भी योगदान देंगे। यह बैंक की छोटी अवधि की रिटेल मीयादी जमाओं में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कार्यनीति के अनुरूप भी है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक (रिटेल देयताएं और एनआरआई व्यवसाय) श्री रवींद्र सिंह नेगी** ने कहा, "रिटेल सावधि जमा दरों में वृद्धि का निर्णय हमारे ग्राहकों को अधिक लाभ प्रदान करने की बैंक ऑफ़ बड़ौदा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, दूसरी ओर नीतिपरक रूप से हमारे जमा पोर्टफोलियो का प्रबंधन करता है। हमारा मानना है कि अपनी बचत पर अधिक कमाई का यह विकल्प न केवल अधिक ग्राहकों को आकर्षित करेगा, बल्कि बैंक को जमा की लागत के स्तर के प्रबंधन में भी मदद करेगा जिसका लाभ हमें एनआईएम में भी देखने को मिलेगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक उच्च दरों का लाभ उठा सकते हैं और पूरे भारत में बैंक की किसी भी शाखा के माध्यम से एफडी खोल सकते हैं। बैंक के मोबाइल ऐप (बॉब वर्ल्ड)/नेट बैंकिंग (बॉब वर्ल्ड इंटरनेट) के माध्यम से मौजूदा ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन एफडी भी खोली जा सकती है।

| **एनआरओ सहित 2 करोड़ रुपये से कम घरेलू मीयादी जमा (नए और नवीकरण) – (प्रतिदेय योग्य) 29.12.2023 से लागू** | | | |
|---|---|---|---|
| | **निवासी/सामान्य ग्राहक** | **निवासी भारतीय वरिष्ठ नागरिक** | |

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

| अवधि | मौजूदा दर (% प्रति वर्ष) | नई दर (% प्रति वर्ष) (29.12.2023 से) | मौजूदा दर (% प्रति वर्ष) | नई दर (% प्रति वर्ष) (29.12.2023 से) | वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 दिन से 14 दिन | 3.00 | 4.25 | *3.50 | *4.75 | 125+bps |
| 15 दिन से 45 दिन | 3.50 | 4.50 | *4.00 | *5.00 | 100+bps |
| 46 दिन से 90 दिन | 5.00 | 5.50 | *5.50 | *6.00 | 50+bps |
| 91 दिन से 180 दिन | 5.00 | 5.60 | *5.50 | *6.10 | 60+bps |
| 181 दिन से 210 दिन | 5.50 | 5.75 | *6.00 | *6.25 | 25+bps |
| 211 दिन से 270 दिन | 6.00 | 6.15 | *6.50 | *6.65 | 15+bps |
| 271 दिन से 1 वर्ष से कम | 6.25 | 6.25 | *6.75 | *6.75 | कोई बदलाव नहीं |
| 1 वर्ष | 6.75 | 6.85 | *7.25 | *7.35 | 10+bps |
| 1 वर्ष से अधिक और 400 दिन तक | 6.75 | 6.85 | *7.25 | *7.35 | 10+bps |
| 400 दिन से अधिक और 2 वर्ष तक | 6.75 | 6.85 | *7.25 | *7.35 | 10+bps |
| 2 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक | 7.25 | 7.25 | *7.75 | *7.75 | कोई बदलाव नहीं |
| 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक | 6.50 | 6.50 | 7.15# | 7.15# | कोई बदलाव नहीं |
| 5 वर्ष से अधिक और 10 वर्ष तक | 6.50 | 6.50 | **7.50 | **7.50 | कोई बदलाव नहीं |
| 10 वर्ष से अधिक (केवल MACAD) | 6.25 | 6.25 | *6.75 | *6.75 | कोई बदलाव नहीं |
| 399 दिन (तिरंगा प्लस) | 7.15 | 7.15 | *7.65 | *7.65 | कोई बदलाव नहीं |

(* निवासी वरिष्ठ नागरिकों के लिए अतिरिक्त ब्याज दर 0.50% सहित; # निवासी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक की सावधि जमाओं के लिए 0.50 + 0.15 (65 आधार अंक) का अतिरिक्त ब्याज दर सहित, ** निवासी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 वर्ष से अधिक और 10 वर्ष तक की सावधि जमाओं के लिए 0.50% + 0.50% (100 आधार अंक) की अतिरिक्त ब्याज दर शामिल है)

विवरण के लिए: https://www.bankofbaroda.in/interest-rate-and-service-charges/deposits-interest-rates देखें।